## BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2021

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2021

**(ANNUAL / वार्षिक)**

## ECONOMICS

Biharboardquestionpaper.com

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर दें।

1. कागजी मुद्रा का कौन मूल्य अधिक होता है ?

(a) अंकित मूल्य

(b) आंतरिक मूल्य

(c) बाजार मूल्य

(d) इनमें से सभी

2. उपभोग समीकरण C = $\bar{C}$ + CY में $\bar{C}$ के विषय में क्या सही है ?

(a) $\bar{C} > 0$

(b) $\bar{C}$ न्यूनतम उपभोग का स्तर है।

(c) मॉडल में दिया हुआ स्थिर मान है।

(d) इनमें से सभी

3. गुणक $\frac{1}{1-C}$ में क्या है?

(a) उपभोग

(b) उपभोग का जीवन निर्वाह स्तर

(c) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति

(d) इनमें से कोई नहीं

4. यदि 0 < C < 1 तो गुणक $\frac{1}{1-C}$ का न्यूनतम मान क्या होगा ?

(a) इकाई के बराबर

(b) इकाई से कम

(c) इकाई से अधिक

(d) इनमें से कोई नहीं

5. अर्थव्यवस्था के समस्त कारक अदायगी का योग क्या होता है ?

(a) राष्ट्रीय आय

(b) बाजार आय

(c) उद्यमी की आय

(d) इनमें से कोई नहीं

6. केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त ऋणों की वसूली क्या है ?

(a) पूँजीगत व्यय

(b) पूँजीगत प्राप्तियाँ

(c) राजस्व प्राप्तियाँ

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

7. अन्य बातें सामान्य रहीं तो करों में कटौती से, उपभोग में क्या होता है ?

(a) वृद्धि

(b) कटौती

(c) ऋणात्मक वृद्धि

(d) इनमें से कोई नहीं

8. अंतरण गुणक का मान क्या होता है ?

(a) $\frac{C}{1-C}$

(b) $\frac{1}{1-C}$

(c) $\frac{-C}{1-C}$

(d) $\frac{1-C}{1-C}$

9. खुली अर्थव्यवस्था का गुणक बंद अर्थव्यवस्था की अपेक्षा कैसा होता है ?

(a) बड़ा

(b) छोटा

(c) समान

(d) इनमें से कोई नहीं

10. विदेशी आय में वृद्धि से घरेलू निर्गत और निर्यात को क्या होता है ?

(a) हास

(b) वृद्धि

(c) घाटा

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

11. यदि किसी ब्रेड का बाजार मूल्य 75 रुपये है और उसे बनाने में 50 रुपये मूल्य का गेहूँ एवं अन्य मध्यवर्ती वस्तुएँ प्रयुक्त हुई हो तो बेकर (ब्रेड बनाने वाला) का मूल्यवर्धित क्या होगा ?

(a) 50 रुपये

(b) 75 रुपये

(c) 25 रुपये

(d) 100 रुपये

12. यदि किसी फर्म का सकल मूल्यवर्धित GVA हो, तो $\sum GVA$ (सभी फर्मों के सकल मूल्यवर्धित का योग) क्या कहलायेगा ?

(a) निवल मूल्यवर्धित

(b) सकल घेरलू उत्पाद

(c) मूल्य हास

(d) निवल घरेलू उत्पाद

13. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद को किस मूल्य पर मापा जाता है ?

(a) स्थिर कीमतों पर

(b) आधार वर्ष कीमतों पर

(c) वर्तमान कीमतों पर

(d) (a) और (b) दोनों

14. किन्हीं दो वर्षों के बीच यदि सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें दोगुनी हो जाती है जबकि उत्पादन स्थिर हो तो वास्तविक आय में क्या परिवर्तन होगा ?

(a) दोगुना हो जाएगा

(b) आधा हो जाएगा

(c) स्थिर रहेगा

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

15. मुद्रा एक मध्यवर्ती वस्तु है जिसने किस प्रक्रिया को सरल कर दिया है ?

(a) लेन-देन (विनिमय)

(b) मूल्य गणना एवं अभिव्यक्ति

(c) मूल्य संचय

(d) इनमें से सभी

16. सोना, भू-संपत्ति, मकान एवं बंधपत्र मुद्रा का कार्य क्यों नहीं कर सकते हैं

(a) इनमें मूल्य संचय का गुण नहीं है

(b) दूसरे वस्तु के रूप में आसानी से परिवर्तनीय नहीं है।

(c) इसकी सार्वभौमिक स्वीकार्यता नहीं है

(d) (b) एवं (c) दोनों

17. देश में मुद्रा की पूर्ति पर नियंत्रण किसका है ?

(a) भारतीय रिजर्व बैंक

(b) बैंक ऑफ इंडिया

(c) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(d) इनमें से कोई नहीं

18. बैंक में जमा किए गए कोषों का बैंक क्या करता है ?

(a) पूरा कोष जमाकर्ताओं को देने के लिए सुरक्षित रखता है

(b) कोष का कुछ भाग जमाकर्ताओं को देने के लिए रखता है

(c) एक भाग जमाकर्ताओं को देने के लिए रखकर शेष भाग ब्याज पर उधार देता है

(d) (b) एवं (c) दोनों

BiharboardQuestionpaper.com

19. बैंक के कुल जमा का वह अंश जो बैंक जमाकर्ताओं को देने के लिए नकद रखता है, क्या कहलाता है ?

(a) सांविधिक तरलता अनुपात

(b) नकद आरक्षित जमा अनुपात

(c) खुली बाजार क्रिया

(d) इनमें से कोई नहीं

20. उद्यमी का आर्थिक एजेंट के रूप में क्या कार्य है ?

(a) संगठन

(b) समन्वयन

(c) जोखिम वहन करना

(d) इनमें से सभी

21. किसी वस्तु के लिए उपभोक्ता की माँग तथा वस्तु की कीमत के बीच प्रतिलोम सम्बन्ध कहलाता है

(a) कीमत का नियम

(b) माँग का नियम

(c) वस्तु का नियम

(d) उपभोक्ता का नियम

22. निम्न में कौन संयोग स्थानापन्न वस्तुओं का है ?

(a) चाय एवं चीनी

(b) ब्रेड एवं मक्खन

(c) चाय एवं काफी

(d) कलम तथा स्याही

BiharboardQuestionpaper.com

23. बिजली की कीमत घटने पर एल. इ. डी. बल्ब की माँग बढ़ जाए तो दोनों किस प्रकार हैं ?

(a) पूरक

(b) स्थानापन्न

(c) विलासिता

(d) परम आवश्यकता

24. पूर्णत: बेलोचदार माँग वक्र की कीमत माँग की लोच $|e_D|$ क्या होगी ?

(a) $|e_D| = 1$

(b) $|e_D| = \infty$

(c) $|e_D| = 0$

(d) $|e_D| < 1$

25. एक रेखिक माँग वक्र के मध्य बिन्दु पर कीमत माँग की लोच $|e_D|$ क्या होगी ?

(a) $|e_D| = 0$

(b) $|e_D| = 1$

(c) $|e_D| = \infty$

(d) $1 < |e_D| < \infty$

26. सामान्य लाभ के संदर्भ में कौन कथन सही है ?

(a) यह फर्मों का न्यूनतम अपेक्षित लाभ है

(b) यह अवसर लागत के बराबर होता

(c) सामान्य लाभ = स्पष्ट लागत + अवसर लागत

(d) इनमें से सभी

27. निम्न में कौन माँग वक्र पूर्ण रूप से लोचहीन होता है ?

(a) रैखिक माँग वक्र

(b) आयताकार अतिपरवलय माँग वक्र

(c) ऊर्ध्वाधर माँग वक्र

(d) इनमें से सभी

28. निम्न में कौन परिवर्ती आगत नहीं है ?

(a) श्रमिक

(b) मशीन

(c) कच्चा माल

(d) इनमें से कोई नहीं

29. स्थिर आगत किस काल में स्थिर रहते हैं ?

(a) अल्पकाल में

(b) दीर्घकाल में

(c) दोनों काल में

(d) इनमें से कोई नहीं

30. परिवर्ती अनुपात के नियम में सीमांत उत्पाद में क्या परिवर्तन होता है ?

(a) गिरावट होती है

(b) वृद्धि होती है

(c) स्थिर रहता है

(d) अंततः गिरावट होती है

BiharboardQuestionpaper.com

31. माँग की लोच की क्या परिभाषा है ?

(a) $\frac{\Delta q / q^{\circ}}{\Delta p / p^{\circ}} \times 100$

(b) $\frac{\Delta q / q^{\circ} \times 100}{\Delta p / p^{\circ} \times 100}$

(c) $\frac{\Delta q}{\Delta p} . \frac{p^{\circ}}{q^{\circ}}$

(d) (b) और (c) दोनों

32. माँग की लोच की इकाई क्या है ?

(a) रुपया

(b) किलोग्राम

(c) यह एक शुद्ध संख्या है

(d) रुपया प्रति किलोग्राम

33. फर्म द्वारा प्रयुक्त मशीन किस तरह का आगत है?

(a) परिवर्ती

(b) स्थिर

(c) तकनीक

(d) इनमें से कोई नहीं

34. उत्पादन अनधिमान वक्र चित्र के दोनों अक्षों पर क्या दर्शाया जाता है ?

(a) कारक

(b) उत्पादन

(c) संतुष्टि

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

35. दीर्घकाल में फर्म किस कारक में परिवर्तन ला सकता है ?

(a) स्थिर कारक

(b) परिवर्ती कारक

(c) (a) और (b) दोनों

(d) न (a) में और न (b) में

36. कुल स्थिर लागत चक्र का आकार होता है?

(a) उर्ध्वाधर रेखा

(b) क्षितिज रेखा

(c) U आकार का

(d) इनमें से कोई नहीं

37. प्रतिस्पधी फर्म की पूर्ति किस बिन्दु से शुरू होती है?

(a) सीमांत लागत वक्र के न्यूनतम बिन्दु से

(b) औसत लागत वक्र के न्यूनतम बिन्दु से

(c) परिवर्ती लागत वक्र के न्यूनतम बिन्दु से

(d) इनमें से कोई नहीं

38. यदि पूर्ति की मात्रा $q^S$ और माँग की मात्रा $q^D$ हो तो $q^S - q^D > 0$ क्या दर्शायेगा?

(a) अधिमाँग

(b) अधिपूर्ति

(c) संतुलन

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

39. न्यूनतम निर्धारित मूल्य किस वस्तु / सेवा के लिए दिया जाता है ?

(a) चाय पत्ती

(b) गेहूँ

(c) मजदूरी

(d) (b) एवं (c) दोनों

40. किस बाजार में उत्पादन अधिक होता है और मूल्य कम होता है ?

(a) एकाधिकार

(b) अल्पाधिकार

(c) पूर्ण प्रतियोगिता

(d) इनमें से सभी

41. 'खुले बाजार की क्रियाएँ' क्या है ?

(a) बैंक द्वारा सरकारी बांड्स की खरीद

(b) बैंक द्वारा सरकारी बांड्स का विक्रय

(c) केन्द्रीय बैंक द्वारा व्यावसायिक बैंक को ऋण प्रदान करना

(d) (a) एवं (b) दोनों

42. सट्टा के उद्देश्य से मुद्रा की माँग किस पर निर्भर करती है ?

(a) राष्ट्रीय आय

(b) मूल्य स्तर

(c) बाजार ब्याज दर

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

43. '$M_1$ + व्यावसायिक बैंकों की निवल आवधिक जमाएँ", मुद्रा पूर्ति के किस परिभाषा से मेल खाता है ?

(a) $M_2$

(b) $M_3$

(c) $M_4$

(d) $M_5$

44. निम्न में किसे संकुचित मुद्रा कहा जाता है ?

(a) $M_1$

(b) $M_2$

(c) $M_3$ एवं $M_4$

(d) $M_1$ एवं $M_2$ दोनों

45. सेटेरिस पारिबस का क्या अर्थ है ?

(a) यदि अन्य बातें समान रहें।

(b) यदि सभी बातें समान रहे

(c) यदि कुछ बातें समान रहें

(d) इनमें से कोई नहीं

46. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) को कैसे परिभाषित करते हैं ?.

(a) $MPC = \frac{C}{Y}$

(b) $MPC = \frac{C}{Y}$

(c) $MPC = \frac{\Delta C}{\Delta Y}$

(d) $MPC = \frac{\Delta Y}{\Delta C}$

BiharboardQuestionpaper.com

47. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.7 हो तो सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) क्या होगी?

(a) 0.7

(b) 0.25

(c) 0.3

(d) -0.3

48. यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) 0.1 हो तो निवेश गुणक क्या होगा ?

(a) 1

(b) 10

(c) 100

(d) 1.10

49. निम्न में कौन सार्वजनिक वस्तु की श्रेणी में आता है ?

(a) सड़के

(b) सरकारी प्रशासन

(c) राष्ट्रीय सुरक्षा

(d) इनमें से सभी

50. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के चालू खाते में घाटा कब होगा ?

(a) प्राप्तियाँ = भुगतान

(b) प्राप्तियाँ > भुगतान

(c) प्राप्तिष < भुगतान

(d) प्राप्तियाँ ≥ भुगतान

BiharboardQuestionpaper.com

51. मुद्रास्फीति की समस्या का अध्ययन किसमें किया जाता है ?

(a) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(b) समष्टि अर्थशास्त्र

(c) अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र

(d) इनमें से कोई नहीं

52. समष्टि अर्थशास्त्र के अध्ययन का क्षेत्र क्या होता है ?

(a) व्यक्तिगत उत्पादन स्तर

(b) व्यक्तिगत आय

(c) व्यक्तिगत कीमतें

(d) सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का उत्पादन, आय तथा कीमतों का स्तर

53. निम्न में कौन महामंदी का लक्षण नहीं है ?

(a) बढ़ती बेरोजगारी दर

(b) बाजार में वस्तुओं की मांग में कमी

(c) उत्पादन में गिरावट

(d) कीमत का बढ़ता स्तर

54. अर्थव्यवस्था में उत्पादन के संसाधनों का स्वामित्व किस क्षेत्र के पास होता है ?

(a) सरकारी क्षेत्रक

(b) बाह्य क्षेत्रक

(c) उत्पादक क्षेत्रक

(d) परिवार क्षेत्रक

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

BiharboardQuestionpaper.com

55. अर्थव्यवस्था में निवेश का कार्य किस क्षेत्रक द्वारा किया जाता है ?

(a) सरकारी क्षेत्रक

(b) बाह्य क्षेत्रक

(c) उत्पादन क्षेत्रक (फर्म)

(d) पारिवारिक क्षेत्रक

56. अर्थव्यवस्था में निम्न में से कौन सरकार की भूमिका नहीं है ?

(a) कानून लागू करवाना

(b) आधारभूत संरचनाओं का निर्माण

(c) लाभ कमाना

(d) सामाजिक कल्याण का कार्य करना

57. निम्न में कौन पूँजीगत वस्तु नहीं है ?

(a) औजार

(b) उपकरण

(c) मशीन

(d) इस्पात की चादर

58. अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं तथा सेवाओं का सामान्य मापदंड क्या है?

(a) टन

(b) गिनती की संख्या

(c) लीटर

(d) मुद्रा (रुपया)

BiharboardQuestionpaper.com

59. मशीन पूँजी स्टाक में वृद्धि (नई मशीन के प्रवाह) को क्या कहते हैं ?

(a) सकल निवेश

(b) निवल निवेश

(c) प्रतिस्थापन निवेश

(d) इनमें से कोई नहीं

60. विद्यमान पूँजी स्टॉक में टूट-फूट का समायोजन (मूल्य ह्रास) क्यों किया जाता है ?

(a) पूँजी स्टॉक में अभिवृद्धि के लिए

(b) धारित पूँजी स्टॉक को बचाने के लिए

(c) पुरानी मशीन को नई मशीन से प्रतिस्थापन करने के लिए

(d) (b) एवं (c) दोनों

61. एक मिश्रित अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं का समाधान किसके द्वारा होता है?

(a) बाजार तंत्र द्वारा

(b) योजना तंत्र द्वारा

(c) कीमत पर नियंत्रण द्वारा

(d) इनमें से सभी

62. विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाएँ कैसी अर्थव्यवस्थाएँ हैं ?

(a) पूँजीवादी

(b) समाजवादी

(c) मिश्रित

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

63. वस्तुओं और सेवाओं की कीमत और मात्राएँ किस अर्थशास्त्र की शाखा में निर्धारित होती हैं ?

(a) समष्टि अर्थशास्त्र

(b) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(c) आदर्शात्मक विश्लेषण

(d) इनमें से सभी

64. यदि उपभोक्ता की आय (M) में वृद्धि होती है तो बजट सेट

(a) बड़ा हो जायेगा

(b) छोटा हो जायेगा

(c) अपरिवर्तित रहेगा

(d) इनमें से कोई नहीं

65. एक युक्तिशील उपभोक्ता कैसे बंडल का चुनाव करता है ?

(a) सबसे अच्छा

(b) सबसे खराब

(c) सर्वाधिक अधिमान वाला

(d) (a) और (c) दोनों

66. माँग वक्र में किसी वस्तु के लिए उपभोक्ता की माँग फलन है

(a) अपने मूल्य का

(b) अन्य वस्तु के मूल्य का

(c) मौसम का

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

67. यदि माँग वक्र d (p) = a - bp हो तो शून्य मूल्य पर वस्तु में माँग की मात्रा क्या होगा ?

(a) - b

(b) a

(c) p

(d) इनमें से कोई नहीं

68. ऐसी वस्तुएँ जिनकी माँग की मात्रा आप की दिशा में गति करती है कहलाती हैं

(a) निम्नस्तरीय वस्तुएँ

(b) सामान्य वस्तु

(c) पूरक वस्तुएँ

(d) इनमें से कोई नहीं

69. उत्पादन संभावना वक्र का आकार कैसा होता है ?

(a) मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर

(b) नतोदर

(c) सीधी रेखा

(d) इनमें से कोई नहीं

70. उत्पादन संभावना वक्र के नतोदर आकार का क्या कारण है ?

(a) बढ़ती अवसर लागत

(b) घटती अवसर लागत

(c) समान अवसर लागत

(d) ऋणात्मक अवसर लागत

BiharboardQuestionpaper.com

71. किस आर्थिक परिस्थिति में उत्पादन एवं रोजगार का स्तर गिर जाता है ?

(a) उछाल

(b) मंदी

(c) मुद्रास्फीति

(d) इनमें से सभी

72. समष्टि अर्थशास्त्र के अभिकर्ता क्या करने का प्रयास करते हैं?

(a) लाभ कमाने का

(b) जनता के कल्याण को अधिकतम करने का

(c) आर्थिक एजेन्ट के लक्ष्य की पूर्ति का

(d) इनमें से कोई नहीं

73. किस अर्थव्यवस्था में निजी स्वामित्व होता है?

(a) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(b) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(c) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(d) (a) एवं (c) दोनों

74. पूँजीगत वस्तुओं के उत्पादन में विस्तार से वृद्धि होगी।

(a) अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता में

(b) उत्पादित वस्तुओं में

(c) आय में

(d) इन सभी में

BiharboardQuestionpaper.com

75. 'इकोनॉमिक कंसीक्वेंसेज ऑफ द पीस' किसके द्वारा लिखित पुस्तक है ?

(a) जॉन मेनार्ड कीन्स

(b) एडम स्मिथ

(c) डेविड रिकार्डो

(d) इनमें से कोई नहीं

76. उत्पादन विधि द्वारा घरेलू उत्पाद की गणना में किसे जोड़ते हैं ?

(a) उत्पादन को

(b) मूल्यवर्धित को

(c) आय को

(d) व्यय को

77. निम्न में कौन मुद्रा गुणक की सही परिभाषा है ? (यहाँ M मुद्रा का स्टॉक है और H उच्च शक्तिशाली मुद्रा है) ?

(a) M × H

(b) H × M

(c) M/H

(d) H/M

78. निम्न में कौन सरकार का बैंकर है ?

(a) केन्द्रीय बैंक

(b) व्यावसायिक बैंक

(c) सहकारी बैंक

(d) ग्रामीण बैंक

BiharboardQuestionpaper.com

79. निम्न में किस वित्तीय निवेश की ब्याज दर अधिक होता है ?

(a) माँग जमा

(b) अवधिक जमा

(c) उधार/ऋण

(d) राष्ट्रीय बचत पत्र

80. 'तरलता पाश' में ब्याज दर का मान क्या होता है ?

(a) ऊंचा

(b) कम

(c) न्यूनतम

(d) औसत

81. सीमांत उत्पादन वक्र एवं औसत उत्पाद वक्र का क्या आकार होता है ?

(a) अंग्रेजी अक्षर 'U' की तरह

(b) उल्टे 'U' की आकृति

(c) अंग्रेजी अक्षर 'S' की तरह

(d) इनमें से कोई नहीं

82. यदि कुल लागत TC, कुल परिवर्ती लागत VC तथा कुल स्थिर लागत FC हो तो कौन समीकरण सही है ?

(a) TC = VC + FC

(b) TC - VC = FC

(c) TC - FC = VC

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

83. निर्गत $q_1$ एवं $q_1 - 1$ इकाइयों की कुल उत्पादन लागत क्रमश: 50 रुपये एवं 40 रुपये हो तो सीमांत लागत क्या होगी ?

(a) 50 रुपये

(b) 90 रुपये

(c) 40 रुपये

(d) 10 रुपये

84. सीमांत लागत वक्र औसत लागत वक्र को किस बिन्दु पर काटती है ?

(a) उच्चतम बिन्दु

(b) न्यूनतम बिन्दु

(c) बढ़ते हुए क्षेत्र में

(d) इनमें से कोई नहीं

85. किस बाजार में अनेक विक्रेता तथा अनेक खरीदार होते हैं ?

(a) एकाधिकार

(b) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

(c) पूर्ण प्रतियोगिता

(d) अल्पाधिकार

86. यदि $p_e$ संतुलन कीमत हो और $p_m$ बाजार कीमत तो अधिपूर्ति की स्थिति कब उत्पन्न होगी ?

(a) $p_e = p_m$

(b) $p_e > p_m$

(c) $p_e < p_m$

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

87. यदि किसी संतुलन की स्थिति में पूर्ति वक्र दायीं ओर शिफ्ट करता है, तो नये संतुलन में मूल्य एवं मात्रा में क्या परिवर्तन होगा ?

(a) मूल्य बढ़ेगा, मात्रा घटेगी

(b) मूल्य घटेगा, मात्रा बढ़ेगी

(c) मूल्य बढ़ेगा, मात्रा बढ़ेगी

(d) मूल्य घटेगा, मात्रा घटेगी

88. दीर्घकाल में प्रतिस्पर्धी बाजार में फर्मों का निर्वाध प्रवेश और बहिर्गमन किस कीमत पर जाकर रुकेगा ?

(a) p = न्यूनतम औसत लागत

(b) p = न्यूनतम सीमांत लागत

(c) p = न्यूनतम औसत परिवर्ती लागत

(d) इनमें से कोई नहीं

89. एकाधिकार बाजार के लिए कौन सही है ?

(a) औसत संप्राप्ति (आगम) = सीमांत प्राप्ति (आगम)

(b) सीमांत संप्राप्ति (आगम) > औसत संप्राप्ति (आगम)

(c) औसत संप्राप्ति (आगम) > सीमांत संप्राप्ति (आगम

(d) इनमें से कोई नहीं

90. किस बाजार में उपभोक्ता को उत्पादन की अत्यल्प मात्रा प्राप्त होती है और प्रत्येक इकाई के लिए अधिक कीमत अदा करनी पड़ती है ?

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकार

(c) अल्पाधिकार

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

91. निम्न में कौन आर्थिक समस्या है ?

(a) सीमित संसाधन

(b) अनंत इच्छायें

(c) आवश्यकता की पूर्ति के लिए सीमित संसाधनों का उत्कृष्ट उपयोग

(d) इनमें से कोई नहीं

92. उत्पादन संभावना वक्र की ढाल को सीमांत उत्पादन परिवर्तन (रूपांतरण) दर या सीमांत अवसर लागत कहते हैं। सीमांत अवसर लागत बढ़ने से उत्पादन संभावना सीमा का आकार कैसा होता है ?

(a) मूल बिन्दु की ओर नतोदर

(b) मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर

(c) सीधी रेखा

(d) इनमें से कोई नहीं

93. उत्पादन संभावना वक्र के किसी एक बिन्दु का चयन, अर्थव्यवस्था की किस केन्द्रीय समस्या का हल है ?

(a) क्या उत्पादन किया जाए

(b) कैसे उत्पादन किया जाए

(c) किसके लिए उत्पादन किया जाए

(d) (a) एवं (c) दोनों

94. 'बाजार' शब्द का सही अर्थ क्या है ?

(a) क्रय-विक्रय स्थल

(b) ग्रामीण हाट-बाजार

(c) सुपर बाजार

(d) कोई माध्यम (स्थान, टेलिफोन, इंटरनेट) जिसके द्वारा वस्तु का क्रय-विक्रय हो सके

BiharboardQuestionpaper.com

95. निम्न में कौन बजट रेखा का सही समीकरण है ?

(a) $p_1x_1 + p_2x_2 \leq M$

(b) $p_1x_1 + p_2x_2 \geq M$

(c) $p_1x_1 + p_2x_2 = M$

(d) इनमें से कोई नहीं

96. यदि वस्तु $x_1$ को x-अक्ष पर एवं वस्तु $x_2$ को y-अक्ष पर दर्शाया गया है तो बजट रेखा x-अक्ष को किस बिन्दु पर काटेगी ?

(a) $M/p_1$

(b) $M/p_2$

(c) $M/x_1$

(d) $M/x_2$

97. वस्तु 1 का मूल्य घटने पर बजट रेखा की प्रवणता (ढाल)

(a) बढ़ जाती है

(b) घट जाती है

(c) स्थिर रहती है

(d) इनमें से सभी

98. अनधिमान वक्र की ढाल (प्रवणता) क्या होती है ?

(a) धनात्मक

(b) ऋणात्मक

(c) शून्य

(d) इनमें से कोई नहीं

Biharboardquestionpaper.com

9. अनधिमान चक्र अक्ष के मूल के सापेक्ष कैसी रेखा होती है ?

(a) उन्नतोदर

(b) सीधी

(c) नतोदर

(d) इनमें से कोई नहीं

100. आय एवं सामान्य वस्तु की माँग किस दिशा में गति करती है ?

(a) समान दिशा में

(b) विपरीत दिशा में

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) इनमें कोई सम्बन्ध नहीं है

SECTION -B

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। प्रत्येक उत्तर 40-50 शब्दों में लिखें।

1. 'सामान्य वस्तु' से आप क्या समझते है ? उदाहरण दें।

2. 'माँग के नियम' को सोदाहरण लिखें।

3. कीमत माँग की लोच को परिभाषित करें।

4. लाभ क्या है ?

5. पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म की दो विशेषताओं का उल्लेख करें।

6. बाजार संतुलन की व्याख्या कीजिए।

7. सेवा क्षेत्रको परिभाषित करें।

BiharboardQuestionpaper.com

8. केन्द्रीय बैंक के किन्हीं दो कार्यों का विवरण दें।

9. 'सकल घरेलू उत्पाद' क्या है ?

10. अर्थव्यवस्था की कोई दो केन्द्रीय समस्याओं का उल्लेख करें।

11. उत्पादन संभावना वक्र को परिभाषित करें

12. 'बजट रेखा क्या है ?

13. नकद आरक्षित अनुपात से आप क्या समझते हैं ?

14. निवेश गुणक को परिभाषित करें।

15. 'सार्वजनिक वस्तुएँ' क्या है?

16. उपभोग वस्तुएँ क्या है ?

17. वैयक्तिक आय क्या है ?

18. बैंक में जमा किये गए कोषों का बैंक क्या करता है ?

19. खुली अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

20. बाह्य कारक क्या होते हैं ?

21. भारत के विदेशी व्यापार का चालू खाता क्या है ?

22. सरकार के कर राजस्व के क्या-क्या स्रोत हैं ?

23. कुल स्थिर लागत वक्र की आकृति कैसी होती है ?

24. राजस्व प्राप्तियों से क्या अभिप्राय है ? राजस्व प्राप्तियों के किन्हीं दो घटकों को लिखें।

25. एक पूर्णतया लोचहीन (|e| = 0) माँग वक्र चित्रित करें।

26. उत्पादनकर्ता का परिवर्ती लागत क्या होता है ?

27. किसी फर्म के औसत उत्पाद से आप क्या समझते हैं ?

28. उदासीनता वक्र क्या है ? चित्रित करें।

29. 1929 की 'महामंदी' का वर्णन करें।

30. अर्थशास्त्र में पूँजी की क्या परिभाषा है ?

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्ही प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। 100-120 शब्दों में उत्तर दें।

31. अनधिमान वक्र एवं बजट रेखा की सहायता से उपभोक्ता संतुलन को स्पष्ट करें।

32. लोचदार, लोचहीन एवं इकाई लोच की माँग की चित्र की सहायता से व्याख्या करें।

33. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार के क्या लक्षण हैं ?

34. फर्म की पूर्ति वक्र के निर्धारक तत्व कौन-कौन से हैं ?

35. सकल घरेलू उत्पाद के वितरण में विषमता आर्थिक कल्याण को कैसे प्रभावित करता है?

36. मुद्रा के प्रमुख कार्य क्या हैं? समझाइए।

37. व्यावसायिक बैंक किस प्रकार साख का निर्माण करती है ? उदाहरण के साथ समझायें।

38. राजकोषीय घाटा को पूरा करने के लिए सरकार को ऋण की आवश्यकता पड़ती है। व्याख्या कीजिए|

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com